आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 27.09.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- विश्व पर्यटन दिवस आज मनाया जा रहा है—कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- उप—राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने विश्व पर्यटन दिवस पर अपने संदेश में कहा कि पर्यटन में संस्कृतियों को पाटने, आपसी सम्मान को बढ़ावा देने और स्थानीय समुदायों के उत्थान के लिए आर्थिक अवसर प्रदान करने की क्षमता होती है।
- केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ते में संशोधन कर न्यूनतम मजदूरी दरों में बढ़ोतरी की घोषणा की है।
- स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्य और केंद्र—शासित प्रदेशों से कहा है कि वह मंकीपॉक्स बीमारी के सम्बंध में लोगों को जागरूक करने के लिए उचित कार्रवाई करें।
- द्वीपसमूह में बड़े पैमाने पर स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है।

<><><><><><><>

विश्व पर्यटन दिवस आज मनाया जा रहा है। इस अवसर पर अपने संदेश में उप—राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने सभी द्वीपवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी है। उप—राज्यपाल ने कहा कि यह द्वीपसमूह अपने समृद्ध संस्कृति, विरासत तथा जीवंत समुद्री जीवन का एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करता है, जो प्रकृति और मानव के बीच सुंदर समन्वय को दर्शाता है। ये द्वीपसमूह सिर्फ एक गंतव्य नहीं है, बल्कि शांति का प्रतीक है, जो आगंतुकों को आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि पर्यटन में संस्कृतियों को पाटने, आपसी सम्मान को बढ़ावा देने और स्थानीय समुदायों के उत्थान के लिए आर्थिक अवसर पैदा करने की क्षमता होती है। यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी पर्यटन नीति हमारे प्राकृतिक पर्यावरण, सांस्कृतिक और परंपराओं का सम्मान करें। उप—राज्यपाल ने कहा कि द्वीपों में स्थाई और समावेशी पर्यटन के लिए हम अपनी प्रतिबद्धता को सुनिश्चित करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ठोस प्रयासों और सभी हितधारकों के समन्वय से द्वीपसमूह पूरे देश में पर्यटन के माध्यम से शांति को बढ़ावा देने के लिए एक बेहतरीन उदाहरण बनकर उभरेगा।

<><><><><><><>

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर आज कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आज हवाई अड्डा, हैडो जेट्टी, सेल्यूलर जेल, स्वराज और शहीद द्वीप जेट्टी में आने वाले पर्यटकों का स्वागत किया जाएगा। इसके अलावा स्वराज द्वीप के सहायक आयुक्त कार्यालय की ओर से पर्यटन हितधारकों के साथ मिलकर बीच वॉलीबॉल और रस्सा–कस्सी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। आज शाम छः बजे से डॉ. बी आर अम्बेडकर सभागार में मनोरंजक कार्यक्रमों के साथ इस उत्सव का समापन होगा।

उधर, आज चाथम शॉ मिल, समुद्रिका, मानव विज्ञान संग्रहालय, मत्स्य संग्रहालय, सेल्यूलर जेल, भारतीय प्राणी विज्ञान सर्वेक्षण में प्रवेश निशुल्क रहेगा।

<><><><><><><>

इस बीच, कल जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में पर्यटन और शांति विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यटन सचिव श्री विश्वेन्द्र मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पर्यटन उद्योग एक ऐसा उद्योग है, जिसके कई पैमाने है और हर पैमाने के लिए अलग कौशल की आवश्यकता होती है। हमारा यह द्वीपसमूह वैश्विक पर्यटन के लिए बेहतरीन स्थान है और हमें उन अनछुए क्षेत्रों को भी पर्यटकों के लिए खोलने की आवश्यकता है। पर्यटन सचिव ने कहा कि द्वीपों में ढांचागत संरचनाओं के विकास के लिए भारत सरकार द्वारा बड़ी मात्रा में निवेश किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से अनुरोध किया कि वे स्टार्टअप अपनाएं। इस अवसर पर कई अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ते में संशोधन कर न्यूनतम मजदूरी दरों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। नई वेतन दरें अगले महीने पहली अक्तूबर से लागू हो जाएंगी। संशोधन के बाद अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दरें सात सौ तिरासी रुपये, अर्ध–कुशल श्रमिकों के लिए आठ सौ अड़सठ रुपये, और कुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन नौ सौ चौवन रुपये प्रतिदिन होगा। अत्यधिक कुशल श्रमिकों के लिए संशोधित वेतन एक हजार पैंतीस रुपये प्रति दिन होगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन—सीडीएससीओ ने अपनी रिपोर्ट में पचास से अधिक दवाओं को 'मानक गुणवत्ता के स्तर से नीचे' का घोषित किया है। इन दवाओं में पैरासिटामोल, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स और कैल्शियम और विटामिन डी3 टैबलेट शामिल हैं।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्य और केंद्र—शासित प्रदेशों से कहा है कि वह मंकीपॉक्स बीमारी के सम्बंध में लोगों को जागरूक करने के लिए उचित कार्रवाई करें। मंत्रालय ने राज्यों से रणनीतिक निगरानी बनाये रखने का अनुरोध किया है। राज्यों को मंकीपॉक्स की जांच के लिए संचालित प्रयोगशालाओं की सूची दी गई है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के चौंसठवें पाठ्यक्रम के मेजर जनरल मुकेश अग्रवाल के नेतृत्व में पन्द्रह अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने कल राज निवास में द्वीपों के उप—राज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की। इस अवसर पर द्वीप विकास एजेंसी के तत्वावधान में प्रशासन द्वारा पर्यटन, आतिथ्य और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं और समग्र सुरक्षा रणनीतिक परिदृश्य पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में पुलिस कर्मियों के विभिन्न मामलों और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए पुलिस महानिदेशक हरगोबिन्दर सिंह धालीवाल द्वारा संपर्क सभा का आयोजन किया गया। पुलिस लाईन के ड्रिल हॉल में आयोजित इस सभा में द्वीपसमूह के विभिन्न पुलिस थानों में तैनात पुलिस कर्मियों ने वर्चुअली रूप से भाग लिया। बातचीत के दौरान कुछ मामले और सुझाव दिए गए। पुलिस महानिदेशक ने इसका तुरंत समाधान करने का निर्देश दिया। अपने संबोधन में उन्होंने पुलिस कर्मियों से आम जनता के साथ बेहतर व्यवहार करते हुए अपने दायित्वों का जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ निर्वहन करने को कहा। उन्होंने नशाखोरी, साइबर अपराध और घुसपैठियों के विरूद्ध कार्रवाई करने पर विशष जोर दिया। इस अवसर पर उन्होंने द्वीपसमूह के विभिन्न पुलिस इकाईयों के पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर भी सम्मानित किया ।

<><><><><><><>

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने परियोजनाओं की लागत कम करने और निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कचरों को उपयोगी और लाभदायक बनाने की प्रौद्योगिकी के उपयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कल पुल निर्माण में प्रगति विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में कहा कि परियोजनाओं की स्वीकृति के समय डिजीटल प्रबंधन तंत्र से कार्य में तेजी आएगी। श्री गडकरी ने कहा कि विभिन्न प्रकार के कूड़े–कचरे से उपलब्ध वस्तुओं के उपयोग से सड़क और पुलों के निर्माण में तेजी आएगी तथा निर्माण लागत भी कम होगी।

<><><><><><><>

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रशासन और केन्द्र सरकार के कार्यालयों में अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन की ओर से ग्राम पंचायतों और विभिन्न विभागों के सहयोग से द्वीपों के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई अभियान और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के पंचायतों का भी सहयोग लिया जा रहा है। कैम्पबेल बे के लक्ष्मीनगर ग्राम पंचायत में कचरे को कला में परिवर्तित कर इसे नया रूप दिया गया है। ग्राम पंचायत सीपीघाट, विवेकानन्दपुर, की ओर से भी इन कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है। आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र में भी अधिकारियों और कर्मियों के सहयोग से इसका आयोजन किया जा रहा है।

उधर, मत्स्य विभाग ने अन्य संगठनों के सहयोग से जंगलीघाट के मत्स्य अवतरण केन्द्र में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने स्वच्छता शपथ ली और करीब एक टन कचरे एकत्र किए गए।

<><><><><><><>

पोषण माह मनाए जाने के सिलसिले में आज बालिकाओं और महिलाओं के लिए स्कूटी रैली का आयोजन किया जाएगा। ये रैली आज सुबह साढ़े दस बजे सेल्यूलर जेल से आरंभ होकर फ्लैग प्वाइंट में जाकर सम्पन्न होगी।

<><><><><><><>

अंडमान विधि कॉलेज में कल उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य आयोग के सदस्य जॉनसन इब्राहम मुख्य अतिथि थे।

उन्होंने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम दो हजार उन्नीस में उपभोक्ताओं के अधिकारों के लिए शामिल पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार उपभोक्ता अपने अधिकारों की रक्षा कर सकते हैं और यदि उनका शोषण होता है, तो वे ज़िला और राज्य आयोग के अलावा राष्ट्रीय आयोग से कैसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने अधिनियम में शामिल विभिन्न प्रकार की सेवाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में अधिवक्ता मदन कुमार गुप्ता ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित होने के समाचार को आज के अखबारों ने प्रमुखता दी है। द इको ऑफ इंडिया ने इस खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित करते हुए लिखता है कि दिवस को मनाने के लिए संगोष्ठी, खेलकूद के साथ अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। आगामी दुर्गा पूजा उत्सव को देखते हुए बिजली विभाग द्वारा आयोजकों से ऊर्जा का उचित तरीके से उपयोग करने का अनुरोध किए जाने के समाचार को इंफो इंडिया ने प्रथम पृष्ठ पर प्रकाशित किया है। दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन द्वारा ब्रुक्शाबाद गांव में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर भवन बनाए जाने के मामले में कार्रवाई करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है।

<><><><><><><>